## नगर पालिक निगम भिलाई–चरौदा का प्रथम सम्मिलन

**स्थान–कलेक्ट्रेट दुर्ग सभाकक्ष, दिन–शुक्रवार तारीख 20.01.17 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से**

कलेक्टर दुर्ग की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम–1956 की धारा–18 के अन्तर्गत नगर पालिक निगम अध्यक्ष(स्पीकर) का निर्वाचन तथा धारा 403(4) के तहत अपील समिति के 4 सदस्यों के निर्वाचन हेतु नगर पालिक निगम अध्यक्ष (स्पीकर का निर्वाचन) नियम, 1998 के अन्तर्गत नगर पालिक निगम भिलाई–चरौदा का प्रथम सम्मिलन दिनांक 20.01.2017 को आयोजित किया गया । निगम के प्रथम सम्मिलन की कार्यवाही कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्धारित समय 10.00 बजे से प्रारंभ की गई जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार हैः–

**निगम अध्यक्ष (स्पीकर) पद का नामनिर्देशन पत्र :–**

नगर पालिक निगम भिलाई–चरौदा के निगम अध्यक्ष(स्पीकर) निर्वाचन हेतु निर्धारित समय में 10.00 बजे से 11.30 बजे तक नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई–चरौदा द्वारा की गई जिसमें निर्धारित समय 11.30 बजे तक **03** अभ्यर्थियों के **03** नामनिर्देशन पत्र प्राप्त हुए जो कि इस प्रकार है :–

| कमांक | अभ्यर्थी का नाम | प्रस्तावक का नाम | समर्थक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | दिलीप पटेल | फिरोज फारूकी | इंदू बाला साहू |
| 2. | शशिकान्त बघेल | रोहित कुमार साहू | रामखिलावन वर्मा |
| 3. | विजय जैन | श्रीमती संतोषी निषाद | राजेश दाण्डेकर |

**अपील समिति के सदस्यों का नामनिर्देशन :–**

नगर पालिक निगम भिलाई–चरौदा के अपील समिति के 4(चार) सदस्यों के निर्वाचन हेतु निर्धारित समय में 10.00 बजे से 11.30 बजे तक नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई–चरौदा द्वारा की गई जिसमें निर्धारित समय 11.30 बजे तक **09** अभ्यर्थियों के **09** नामनिर्देशन पत्र प्राप्त हुए जो कि इस प्रकार है :–

| कमांक | अभ्यर्थी का नाम | प्रस्तावक का नाम | समर्थक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | इंदुबाला साहू | फिरोज फारूकी | चन्द्रप्रकाश पाण्डेय |
| 2. | तुलसी राम ध्रुव | रोहित कुमार साहू | शशिकांत बघेल |
| 3. | नंदिनी जांगड़े | शशिकान्त बघेल | इंदूबाला साहू |
| 4. | फिरोज फारूकी | दिलीप पटेल | तुलसीराम ध्रुव |
| 5. | मोहन साहू | जीत सिंह | किरण नायडू |
| 6. | रामखिलावन वर्मा | चन्द्रप्रकाश पाण्डे | तुलसी राम ध्रुव |
| 7. | सविता संगीत शोरी | लावेश मदनकर | कुंती लहरे |
| 8. | सूरज बंछोर | संतोष कुमार महानंद | विमला बछोर |
| 9 | संतोष तिवारी | धर्मेन्द्र कोसरे | दीपा चंद्राकर |

कमशः2/–

पीठासीन प्राधिकारी द्वारा उपरोक्त प्राप्त नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा निर्धारित समय पूर्वान्ह 11.40 बजे से 12.00 बजे तक की गई । संवीक्षा उपरान्त निगम अध्यक्ष(स्पीकर) पद के लिये प्राप्त **03** नामनिर्देशन पत्र एवं अपील समिति के सदस्यों के लिये प्राप्त **09** नामनिर्देशन पत्र सहीं पाये गये तथा स्वीकार किए गए । उपरोक्त सभी प्राप्त नामनिर्देशन पत्रों के लिए कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई ।

नामनिर्देशन पत्र वापसी के लिये दोपहर 12.10 बजे से दोपहर 12.40 बजे तक का समय निर्धारित किया गया । निगम अध्यक्ष(स्पीकर) पद के अभ्यर्थी **श्री शशिकान्त बघेल** द्वारा अपना नामनिर्देशन पत्र वापसी हेतु अर्थात अभ्यर्थिता वापसी का लिखित आवेदन नाम वापसी के लिए निर्धारित समयावधि के भीतर पीठासीन प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया । इस प्रकार निगम अध्यक्ष(स्पीकर) पद के चुनाव हेतु **श्री दिलीप पटेल** एवं **श्री विजय जैन** का नाम शेष रहा ।

इसी प्रकार अपील समिति के चार सदस्यों के निर्वाचन हेतु प्राप्त 09 नामनिर्देशन पत्रों में से किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा अपना नाम वापस लेने के लिये निर्धारित अवधि दोपहर 12.10 बजे से दोपहर 12.40 बजे के बीच में पीठासीन प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया । इस प्रकार अपील समिति के **04** सदस्यों के निर्वाचन के लिये (1) इंदुबाला साहू, (2) तुलसी राम ध्रुव, (3) नंदिनी जांगड़े (4) फिरोज फारुकी (5) मोहन साहू, (6) रामखिलावन वर्मा, (7) सविता संगीत शोरी, (8) सूरज बंछोर (9) संतोष तिवारी के नाम शेष रहे । इस प्रकार कुल **09** सदस्यों के लिये **09** अभ्यर्थी का नामनिर्देशन पत्र संवीक्षा पश्चात् सहीं पाये गये। इस प्रकार **09** अभ्यर्थी का नामनिर्देशन पत्र वैध होने के कारण चुनाव हेतु शेष रहा ।

निगम अध्यक्ष(स्पीकर) एवं अपील समिति के 4 सदस्यों के निर्वाचन के लिए अंतिम रूप से स्वीकार किये गये अभ्यर्थियों की सूची पीठासीन प्राधिकारी के हस्ताक्षर से सूचना पटल पर चस्पा किया गया ।

<u>निगम अध्यक्ष(स्पीकर) के निर्वाचन के लिए मतदान :–</u>

पीठासीन प्राधिकारी द्वारा निगम अध्यक्ष(स्पीकर) के निर्वाचन के लिए मतदान आवश्यक होने के कारण निगम अध्यक्ष (स्पीकर) के मतदान के लिए मतपेटी को उपस्थित पार्षदों को खोलकर दिखाया गया एवं ताला लगाया गया तथा मतदान के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश पढ़कर सुनाया गया ।

निगम अध्यक्ष(स्पीकर) मतदान निर्धारित समय अपरान्ह 1.30 बजे प्रारंभ होकर मतदान की समस्त कार्यवाही अपरान्ह 3.00 बजे तक नियमानुसार सम्पन्न हुआ। मतदान में निगम महापौर एवं 40 पार्षदों द्वारा मतदान किया गया इस प्रकार कुल 41 लोगों ने मतदान किया । मतदान के पश्चात् मतपेटी को सील्ड किया गया जिसका अवलोकन सम्मिलन में उपस्थित पार्षदों को कराया गया ।

क्रमशः3/–

निगम अध्यक्ष(स्पीकर) के मतपेटी का ताला खोलकर सभी मतपत्र बाहर निकाला गया एवं नियमानुसार मतगणना का कार्य किया गया, **निगम अध्यक्ष(स्पीकर)** पद के निर्वाचन के लिए कुल **41** मतपत्र प्राप्त हुए । निगम अध्यक्ष(स्पीकर) पद हेतु **श्री दिलीप पटेल** को कुल **16** मत तथा **श्री विजय जैन** को कुल **25** मत मिले। इस प्रकार **श्री विजय जैन** को अधिक मत प्राप्त होने के कारण निगम अध्यक्ष(स्पीकर) पद हेतु पीठासीन प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूपेण निर्वाचित घोषित किया गया ।

**अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान :–**

पीठासीन प्राधिकारी द्वारा अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान आवश्यक होने के कारण अपील समिति के सदस्यों के मतदान के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश पढ़कर सुनाया गया।

अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान की समस्त कार्यवाही अपरान्ह **3.00** बजे तक नियमानुसार सम्पन्न हुआ। मतदान में निगम महापौर एवं **40** पार्षदों द्वारा मतदान किया गया, इस प्रकार कुल **41** लोगों ने मतदान किया ।

मतदान के तुरन्त बाद नियमानुसार मतगणना का कार्य किया गया । मतगणना में अपील समिति के चार सदस्यों के निर्वाचन के लिये कुल **41** मतपत्र प्राप्त हुए जिसमें से 37 मतपत्र वैध तथा 04 मतपत्र अवैध पाया गया । अपील समिति के लिए प्राप्त मतपत्रों की गणना अनुपातिक प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत प्रणाली से की गई । जिसमें प्राप्त मतो आधार पर पीठासीन प्राधिकारी द्वारा उनको अपील समिति के सदस्य के रूप में **(1) इंदुबाला साहू, (2) तुलसी राम ध्रुव (3) मोहन साहू, (4) संतोष तिवारी** सम्यक रूपेण निर्वाचित घोषित किया गया ।

उपरोक्त समस्त कार्यवाही अपरान्ह **3.45** बजे तक सम्पन्न हुई ।

20.1.17

आयुक्त सह सचिव
नगर पालिक निगम
भिलाई–चरौदा

20/1/17

कलेक्टर सह पीठासीन प्राधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई–चरौदा